पंजाब केसरी 28/09/2025

# भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा : डॉ. रोहित दत्त

## जी.एम.एन. कॉलेज में भ्रष्टाचार विरोधी संकल्प हस्ताक्षर अभियान का आयोजन






अभियान की शुरुआत करते और अभियान में एन.एस.एस. प्रकोष्ठों के स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 27 सितम्बर (बलराम): छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज में एन.एस.एस. प्रकोष्ठों द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी संकल्प हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने हस्ताक्षर करके किया। इस अभियान में कॉलेज के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को अपने जीवन का मार्गदर्शन सिद्धांत बनाने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। आज के युवा ही कल के भारत का भविष्य हैं। यदि युवा छात्र जीवन से ही ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता को अपनाते हैं, तो एक सशक्त और भ्रष्टाचारमुक्त भारत का निर्माण निश्चित है। हमें केवल शब्दों में नहीं, बल्कि अपने कर्मों से भी यह दिखाना होगा कि हम एक जिम्मेदार और ईमानदार नागरिक हैं। यह संकल्प तभी सार्थक होगा, जब हम अपने जीवन के हर क्षेत्र में इन मूल्यों को आत्मसात करें।

एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. पिंकी गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक आचरण की ओर प्रेरित करना है। ऐसे आयोजन युवाओं को भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हैं और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनने की राह दिखाते हैं।

इस अवसर पर एन.एस.एस. के अन्य सक्रिय सदस्यों प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. गीती बिंद्रा, प्रो. राजिन्दर मीरवाल तथा प्रो. हर्षिता लाम्बा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अभियान की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे कॉलेज परिसर में उत्साह और जोश का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर कर यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता का पालन करेंगे और भ्रष्टाचारमुक्त भारत निर्माण में सक्रिय योगदान देंगे।